सीएसआईआर
CSIR
भारत का नवाचार इंजन
*The Innovation Engine of India*

# इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

त्रैमासिक राजभाषा समाचार बुलेटिन, वर्ष 14, अंक 55

जुलाई, 2025

निशुल्क वितरण के लिए



सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान,
पिलानी-333 031, राजस्थान

**संरक्षक**

डॉ.  पी. सी.पंचारिया

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**संपादक**

श्री रमेश बौरा

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

**संपादन सहयोग**

श्री लोकेश टाक

कनिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी)

**प्रकाशक**

राजभाषा प्रकोष्ठ

सीएसआईआर-सीरी

**प्रकाशनाधिकार**

©

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

# विभिन्न आयोजन / महत्वपूर्ण घटनाएँ

### ✓ संस्थान के वैज्ञानिक को प्रतिष्ठित आईईईई युवा वैज्ञानिक पुरस्कार

सीएसआईआर-सीरी के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नीरज कुमार को आईईईई-वैक्यूम इलेक्ट्रॉनिक्स यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। डॉ. नीरज को यह सम्मान नीदरलैंड्स में 15-17 अप्रैल, 2025 के दौरान आयोजित इंटरनेशनल वैक्यूम इलेक्ट्रॉनिक्स कॉन्फ्रेंस में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार तकनीकी उपलब्धियों, सेवा में नेतृत्व, शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। सम्मेलन में प्रोफेसर ई चोई, अध्यक्ष तकनीकी समिति, आईईईई इलेक्ट्रॉन डिवाइसेज़ सोसाइटी ने डॉ नीरज कुमार को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया।



### ✓ सीएसआईआर-सीरी में प्रशासनिक हिंदी कार्यशाला का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 22-23 अप्रैल, 2025 को नवनियुक्त एवं अन्य सहकर्मियों के लिए राजभाषा नीति का कार्यान्वयन तथा कार्यालयी कार्यों में टिप्पण एवं प्रारूप लेखन विषयक प्रशासनिक हिंदी कार्याशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन दिनांक 22 अप्रैल, 2025 को किया गया, जिसमें श्री संजीव शंकर, उपसचिव, सीएसआईआर-भर्ती एवं मूल्यांकन बोर्ड, नई दिल्ली विशिष्ट अतिथि थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने की। इसके साथ ही एक विशिष्ट सत्र का आयोजन भी किया गया जिसमें श्री संजीव शंकर ने संस्थान के वैज्ञानिकों से पदोन्नति मूल्यांकन संबंधी विषय पर चर्चा भी की। कार्यशाला में प्रशासनिक सहकर्मियों के अलावा वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्मिक भी लाभान्वित हुए। कार्यशाला का संयोजन एवं समन्वयन श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने किया।

| क्र.सं. | व्याख्यान का विषय | वक्ता |
|---|---|---|
| 1. | आचरण नियम, सतर्कता एवं विविध मामले | श्री संजीव शंकर, उपसचिव |
| 2. | भारतीय संविधान तथा संघ की राजभाषा नीति | श्री मणिभूषण सिंह, हिंदी अधिकारी |
| 3. | कार्यालय पद्धति, टिप्पण एवं प्रारूप लेखन | श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक |
| 4. | राजभाषा का सहज उपयोग | श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी |
| 5. | ई-ऑफिस परिचय | श्री विनय सिंह, सहायक अनुभाग अधिकारी |







### ✓ सीएसआईआर-सीरी में राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 24 अप्रैल, 2025 को राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने राष्ट्र को संबोधित किया। माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन को राष्ट्रीय समाचार चैनल डीडी न्यूज़ पर संस्थान के सभागार में सहकर्मियों द्वारा सुना गया। उल्लेखनीय है कि 32 वर्ष पूर्व देश में पंचायतीराज प्रणाली के माध्यम से विकेंद्रीकृत शासन व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया था। सहकर्मियों ने देश में पंचायतीराज व्यवस्था के महत्व एवं उपयोगिता पर विचार-विमर्श भी किया।



### ✓ सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का आयोजन दिनांक 01-15 मई, 2025 के दौरान किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ उद्घाटन एवं शपथ ग्रहण समारोह के साथ किया गया। डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सभी सहकर्मियों को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई। स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार, वरिष्ठ प्रधान

वैज्ञानिक ने पखवाड़ा अवधि के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का विधिवत समापन 15 मई, 2025 को आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस अवधि के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक सीएसआईआर-सीरी ने पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने किया।






✓ **सीएसआईआर-सीरी में कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम का आयोजन**

सीएसआईआर-सीरी में केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के सहयोग से चलाए जा रहे कंप्यूटर पर हिंदी टंकण (हिंदी शब्द संसाधन) प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षार्थियों को आवश्यक जानकारी देने के लिए 19-21 मई, 2025 के दौरान तीन दिवसीय व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य के रूप में श्री बी एस सिन्हा, सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि) संस्थान में आए थे। कार्यक्रम के दौरान श्री बी एस सिन्हा ने प्रशिक्षार्थियों की टंकण संबंधी शंकाओं का समाधान किया और परीक्षा संबंधी जानकारी दी। 21 मई, 2025 को समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भेंट किए गए। समापन समारोह में श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक ने श्री बी एस सिन्हा को संस्थान की ओर से शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने के लिए श्री सिन्हा तथा केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली के प्रति आभार व्यक्त किया।





✓ **सीएसआईआर-सीरी में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का आयोजन**

सीएसआईआर-सीरी में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में दिनांक 09 जून, 2025 को संस्थान परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं अन्य सहकर्मियों ने विभिन्न प्रकार के पर्यावरण हितैषी पौधे लगाएं एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इससे पूर्व दिनांक 05 जून, 2025 को विज्ञान भारती, राजस्थान; सीएसआईआर-सीरी, पिलानी; राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा; स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जयपुर; रीको, जयपुर तथा परिष्कार महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान के माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।





✓ **सीएसआईआर-सीरी द्वारा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण**

सीएसआईआर-सीरी द्वारा पानी की गुणवत्ता की जाँच के लिए विकसित एआई आधारित जल परीक्षण किट का दिनांक 20 जून, 2025 को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण किया गया। संस्थान के जयपुर परिसर में आयोजित औपचारिक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण कार्यक्रम में जल परीक्षण किट की प्रौद्योगिकी मेसर्स विशाल फार्मास्यूटिकल्स, इंदौर को हस्तांतरित की गई। इस कार्यक्रम में संस्थान के डॉ. पी सी  पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी; डॉ. नीरज कुमार, प्रमुख, प्रौद्योगिकी व्यवसाय संवर्धन समूह; डॉ. सत्यम श्रीवास्तव, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी विकासकर्ता; डॉ. साई कृष्णा, प्रभारी वैज्ञानिक, जयपुर परिसर; एवं डॉ. विजय चटर्जी, श्री नवजोत कुमार, श्री सचिन देवास्सी आदि वैज्ञानिकगण उपस्थित रहे।



✓ **सीएसआईआर-सीरी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन**

सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 21 जून, 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 का अयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कार्मिकों एवं उनके परिजनों ने योग और प्राणायाम अभ्यास का किया। संस्थान के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने योगाचार्य की भूमिका निभाते हुए भारत में योग की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने सहकर्मियों को योग और प्रणायाम करवाते हुए उनके लाभ बताए।






## महत्वपूर्ण बैठकें

1. **विषय :** प्रबंधन परिषद (57वीं मैनेजमेंट काउंसिल)
दिनांक : 17 जून, 2025
**स्थान :** सम्मेलन कक्ष, सीएसआईआर-सीरी

## समझौता ज्ञापन/एनडीए/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

1. **उद्योग/क्लाइंट :** एमटीआरडीसी, डीआरडीओ, बंगलूरू
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** डिज़ाइन डेवलपमेंट एण्ड कैरेक्टराइजेशन ऑफ डब्ल्यू-बैण्ड एण्ड जी-बैण्ड इंट्रक्शन स्ट्रक्चर एज़ पर स्कोप ऑफ वर्क
**दिनांक** – 05 जून, 2025
2. **उद्योग/क्लाइंट :** विशाल फार्मास्यूटिकल लैबोरेट्रीज, इंदौर, मध्यप्रदेश
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** एआई-असिस्टेड डिजिटल वाटर टेस्टिंग किट
**दिनांक** – 17 जून, 2025

## शोध पत्र/लेख/व्याख्यान प्रस्तुतीकरण

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – ग्राफिक डिज़ाइन कोर्स
**स्थान** – बापू ग्राफिक्स, दिल्ली
**दिनांक** – 04 अप्रैल, 2025
**शोध पत्र** – ग्राफिक डिज़ाइन कोर्स (ट्रेनिंग)
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – रोहित सिंह
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 26th इंटरनेशनल वैक्यूम इलेक्ट्रॉनिक्स कॉन्फ्रेंस, 2025
**स्थान** – नीदरलैंड
**दिनांक** – 15-17 अप्रैल, 2025
**शोध पत्र** – इंवेस्टिगेशन ऑन माइक्रो मिलिंग फैब्रिकेशन टेक्नीक फॉर द डेवलपमेंट ऑफ 0.1 एण्ड 0.22 THz इंट्रेक्शन स्ट्रक्चर
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस जैन, पी उनादकट, विषांत, एन एम  रस्किन, एन कुमार
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई पल्स्ड पावर एण्ड प्लाज्मा सांइस कॉन्फ्रेंस
**स्थान** – जर्मनी
**दिनांक** – 15-20 जून, 2025

1. **शोध पत्र** – इंवेस्टिगेशन एण्ड कैरेक्टराइजेशन ऑफ 222 NM फॉर UV-C एक्साइमर रेडिएशन सोर्सेज़ फॉर इनएक्टिवेशन ऑफ पैथोजेन्स
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – यू एन पाल, एन के शर्मा, पी पाल, ए मिश्रा, एम सिंह, एम जेगनाथन, एस के राम, बी के वर्मा एण्ड आर पी लांबा

2. शोध पत्र – कैरेक्टराइजेशन ऑफ को-एक्सियल डाइइलेक्ट्रिक बैरियर डिस्चार्ज बेस्ड VUV एक्सीलेंप फॉर सरफेस ट्रीटमेंट
   **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आर पी लांबा, एन के शर्मा, ए मिश्रा, पी पाल, एम सिंह, एम जेगनाथन, बी के वर्मा, एस के राम, आर के मौर्या एण्ड यू एन पाल
3. **शोध पत्र** – एक्सपेरीमेंटल इंवेस्टिगेशन ऑफ स्यूडोस्पार्क डिस्चार्ज बेस्ड शार्ट पल्स्ड इलेक्ट्रॉन बीम फॉर सरफेस मॉडीफिकेशन
   **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** - ए मिश्रा, आर पी लांबा, बी एल मीणा, वरुण, एस सिसोदिया, आर आर मिश्रा, यू एन पाल
4. **शोध पत्र** – डेवलपमेंट एण्ड परफॉर्मेंस इवेल्युएशन ऑफ द हाई पावर कोल्ड कैथोड प्लाज्मा क्लोजिंग स्विच
   **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए मिश्रा, आर पी लांबा, एस मिश्रा, बी एल मीणा, यू एन पाल
5. **शोध पत्र** – एनालिसिस एण्ड कैरेक्टराइजेशन ऑफ सीड्स ट्रीटिड विद कोल्ड एटमोसफेरिक प्लाज्मा फॉर एग्रीकल्चरल एप्लीकेशंस
   **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – पी पाल, यू एन पाल, एम सिंह, ए मिश्रा, एम सिंह, एम जोशी, एच सहगल, एस मौर्या, आर पी लांबा
6. **शोध पत्र** – डिस्चार्ज एनालिसिस एण्ड कैरेक्टराइजेशन ऑफ कोल्ड प्लाज्मा जेट डिस्चार्ज फॉर इनहांस्ड कैंसर थेराप्यूटिक्स
   **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – पी पाल, एम सिंह, ए मिश्रा, एम सिंह, एन के शर्मा, ए साहू, ए देशपांडे, एस मुखर्जी, एस चुधौरी, आर पी लांबा, आर आर मिश्रा, यू एन पाल
7. **शोध पत्र** – कंपेरीजन स्टडी बिटवीन कानटुअर एण्ड हेचिंग टूल पाथ स्ट्रेट्जीस फॉर माइक्रो मिल्लिंग फैब्रिकेशन ऑफ जी-बैण्ड इंट्रेक्शन स्ट्रक्चर
   **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस जैन, पी उनादकट, विषांत, एम एम रस्किन, एन कुमार

## एसीएसआईआर समाचार

✓ **पी एच डी प्री थीसिस ओपन कोलोक्विम**

**1. विषय :** डीप लर्निंग टेक्नीक्स फॉर 2डी आरजीबी कैमरा-बेस्ड फेस एंटी-स्पूफिंग इन बायोमेटिक सिस्टम

**प्रस्तुतकर्ता : श्याम सुंदर प्रसाद,** एसीएसआईआर पीएचडी छात्र

**दिनांक :** 20 जून, 2025

## कौशल विकास कार्यक्रम/शिक्षण-प्रशिक्षण

**1. कार्यक्रम का नाम** - सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम (शिल्प)

| बैच | कॉलेज/संस्थान का नाम | प्रशिक्षित छात्रों की संख्या | अवधि |
|---|---|---|---|
| 12 | एनआईटी, दिल्ली | 12 | 01.04.2025 से 11.04.2025 |
| 13 | जेआईईटी, जोधपुर (इंटर्नशिप सहित) | 09 | 01.05.2025 से 31.08.2025 |
| 14 | धीरूभाई अंबानी विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात | 24 | 05.05.2025 से 16.05.2025 |
| 15 | धीरूभाई अंबानी विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात | 25 | 19.05.2025 से 30.05.2025 |





## प्रमुख राजभाषा गतिविधियाँ

✓ **तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकत्र एवं समेकित कर जनवरी-मार्च, 2025 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट 21 अप्रैल, 2025 को संयुक्त सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

✓ **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में जनवरी-मार्च, 2025 तिमाही के कार्यों की समीक्षा हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 30 अप्रैल, 2025 को आयोजित की गई।

✓ **प्रकाशन कार्य**

1. त्रैमासिक राजभाषा समाचार पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति' वर्ष 14, अंक 54 (अप्रैल, 2025)

✓ **कार्यशाला**

प्रशासनिक हिंदी कार्यशाला (22-23 अप्रैल, 2025)

✓ **प्रतियोगिताएं**

1. निबंध लेखन (16 अप्रैल, 2025)
2. पाठ-पठन – हिंदी भाषी (30 मई, 2025)

3. पाठ-पठन – हिंदीतर भाषी (06 जून, 2025)

4. कंप्यूटर पर हिंदी टंकण (24 जून, 2025)




## प्रशासनिक समाचार

➤ **संस्थान से स्थानांतरण होकर गए अधिकारी/कार्मिक**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | प्रयोगशाला | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक | सीएसआईआर-एनएमएल, जमशेदपुर | 09.05.2025 |

➤ **संस्थान में स्थानांतरित होकर आए अधिकारी/कार्मिक**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | प्रयोगशाला | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश कुमार पारीक, वित्त एवं लेखा नियंत्रक | सीएसआईआर-एनपीएल, नई दिल्ली | 02.04.2025 |
| 2. | श्री सत्य प्रकाश प्रभाकर, भंडार एवं क्रय अधिकारी | सीएसआईआर-एचआरडीसी, उत्तरप्रदेश | 28.04.2025 |

➤ **नियुक्तियाँ एवं पदस्थापन**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री अमित कुमार, स. अ. अधिकारी (सामान्य) | 07.04.2025 |
| 2. | श्री संजय खंगार, अनुभाग अधिकारी (सा.) | 08.04.2025 |
| 3. | सुश्री नितिका यादव, अनु. अधि. (भं एवं क्र.) | 08.04.2025 |
| 4. | श्री रवि कुमार, अनु. अधिकारी (वि. एवं ले.) | 09.04.2025 |
| 5. | सुश्री अमला जॉर्ज, तकनीकी सहायक | 28.04.2025 |
| 6. | श्री अभय कुमार पिपलवा, तकनीकी अधिकारी | 05.05.2025 |
| 7. | श्री प्रवेश, तकनीकी सहायक | 08.05.2025 |
| 8. | श्री हरीश जी, तकनीकी सहायक | 09.05.2025 |
| 9. | श्री शाशवत के, तकनीकी सहायक | 09.05.2025 |
| 10. | श्री पीयूष पाठक, क. स. सहायक (भं. एवं क्र.) | 09.05.2025 |
| 11. | श्री साहिल, क. स. सहायक (वि. एवं ले.) | 09.05.2025 |
| 12. | श्री योगेन्द्र कुमार, तकनीकी अधिकारी | 13.05.2025 |
| 13. | श्री अखिलेश मिश्रा, तकनीकी अधिकारी | 13.05.2025 |
| 14. | श्री अजय, क. स. सहायक (वि. एवं ले.) | 13.05.2025 |
| 15. | सुश्री आकृति बाजपेयी, तकनीकी सहायक | 15.05.2025 |
| 16. | श्री अंशु गहलोत, क. आशुलिपिक (अंग्रेजी) | 15.05.2025 |
| 17. | श्री गणेश प्रजापत, तकनीशियन (1) | 16.05.2025 |
| 18. | श्री मुकेश भट्ट, तकनीकी अधिकारी | 19.05.2025 |
| 19. | श्री प्रदीप जांगिड़, तकनीशियन (1) | 19.05.2025 |
| 20. | श्री धनराज मीना, तकनीशियन (1) | 19.05.2025 |
| 21. | श्री मयंक पारीक, तकनीशियन (1) | 19.05.2025 |
| 22. | श्री रोहित शर्मा, तकनीशियन (1) | 19.05.2025 |
| 23. | श्री चंचल लावनिया, तकनीशियन (1) | 19.05.2025 |
| 24. | श्री मुकेश कुमार ओला, तकनीशियन (1) | 20.05.2025 |
| 25. | श्री प्रदीप, तकनीकी सहायक | 21.05.2025 |
| 26. | श्री मांगी लाल, तकनीशियन (1) | 22.05.2025 |
| 27. | श्री प्रमोद कुमार, तकनीशियन (1) | 23.05.2025 |
| 28. | श्री प्रमोद शाक्यवाल, तकनीशियन (1) | 23.05.2025 |
| 29. | श्री हिंमाशु सूर्यवंशी, तकनीशियन (1) | 23.05.2025 |
| 30. | मौ. रजा, तकनीशियन (1) | 26.05.2025 |
| 31. | श्री मनीष कुमार ढाका, तकनीशियन (1) | 26.05.2025 |
| 32. | श्री कृष्ण सैनी, तकनीशियन (1) | 26.05.2025 |
| 33. | श्री विग्नेश पी, तकनीकी अधिकारी | 28.05.2025 |
| 34. | श्री मोहन सिंह जगरवाल, तकनीकी सहायक | 28.05.2025 |
| 35. | श्री कलारकर प्रणेय सिद्धार्थ, तकनीशियन (1) | 28.05.2025 |
| 36. | श्री अभिषेक, क. स. सहायक (वि. एवं ले.) | 29.05.2025 |
| 37. | श्री तबरेज अंसारी, तकनीशियन (1) | 29.05.2025 |
| 38. | श्री अंकित कुमार, तकनीकी सहायक | 02.06.2025 |
| 39. | श्री दीपक चौपड़ा, तकनीशियन (1) | 02.06.2025 |
| 40. | श्री सुमंता बेरा, तकनीकी सहायक | 03.06.2025 |
| 41. | श्री जगमोहन पाठक, तकनीशियन (1) | 04.06.2025 |
| 42. | श्री अनुज कुमार, तकनीशियन (1) | 04.06.2025 |
| 43. | श्री मूले कृष्णा नंदकिशोर, तकनीशियन (1) | 12.06.2025 |
| 44. | श्री धारा सिंह मीना, तकनीशियन (1) | 16.06.2025 |
| 45. | श्री गरिका रामा कृष्णा, तकनीशियन (1) | 18.06.2025 |
| 46. | श्री प्रियांशु वर्मा, तकनीकी अधिकारी | 23.06.2025 |
| 47. | श्री बिलास बेरा, तकनीशियन (1) | 23.06.2025 |
| 48. | श्री सोनू कुमार, तकनीशियन (1) | 30.06.2025 |

**"हमें प्रयत्नपूर्वक हिंदुस्तान की सभी बोलियों व भाषाओं में जो उत्तम चीजें हैं, उन्हें हिंदी भाषा की समृद्धि के लिए उसका हिस्सा बनाना चाहिए और यह प्रक्रिया अविरल चलती रहनी चाहिए।"**

**- श्री नरेन्द्र मोदी**
**(प्रधानमंत्री)**